दिनांक 05.10.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में CONSTRUCTION OF SPECIAL TASK FORCE(STF) HEAD QUARTER BUILDING AT LODIPUR, PATNA कार्य के आमंत्रित पुनर्निविदा के वित्तीय बीड के निष्पादन हेतु विभागीय निविदा समिति के बैठक की कार्यवाहीः-

---

उपस्थितिः-

1. **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख -सह-अपर आयुक्त -सह-विशेष सचिव,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री मनोज कुमार सिंह,** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(संरचना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाहीः-

1.	कार्य का नाम	-	CONSTRUCTION OF SPECIAL TASK FORCE(STF) HEAD QUARTER BUILDING AT LODIPUR, PATNA
2.	योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि	-	₹63.11 करोड़ (गृह विभाग(आरक्षी शाखा) का पत्रांक-12690 दिनांक 04.10.2025)
3.	योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि	-	₹58.617956 करोड़ (मुख्य अभियंता(निरूपण) के पत्रांक-99(नि0)अनु0 दिनांक 29.01.2026)
4.	परिमाण विपत्र की राशि	-	₹58,06,13,568.00
5.	कार्य समाप्ति की अवधि	-	18(अठारह)माह
6.	निविदा आमंत्रण की तिथि	-	01.04.2026
7.	निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की प्रारंभ तिथि	-	07.04.2026
8.	निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि	-	29.04.2026
9.	प्री-बीड की तिथि एवं समय (संशोधित)	-	दिनांक 17.04.2026 को मुख्य अभियंता(पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 16.04.2026 को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के कार्यालय कक्ष में।
10.	निविदा प्रसारण का माध्यम	-	ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र
11.	निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि, प्रकाशित समाचार पत्र का नाम एवं टेन्डर आई0डी0	-	दैनिक समाचार, ww.eproc2.bihar.gov.in पर एवं 128529
12.	प्रकाशन का पी0आर0 संख्या	-	000039(भवन)/2026-27
13.	निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता	-	(I) DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK, TANK ROAD, RANCHI-834001 (BCD BIHAR CLASS-1 REGISTRATION NO.-1220064 VALID UPTO 10.08.2027) (II) PRASAD CONSTRUCTION & CO., LILA MOHAN NIWAS, NAISARAI, BIHAR SHARIF, NALANDA-803101, BIHAR (BCD BIHAR CLASS-1 REG. NO.-1210110 VALID UPTO 07.12.2026) (III) R S AGRWAL INFRATECH PVT. LTD., 2ND FLOOR, 201, LIYA COMPLEX, P P COMPOUND, RANCHI-834001, JHARKHAND, (BMSICL, BIHAR CLASS-1 REGISTRATION NO.-BMSIC/1-179/2023-24 VALID UPTO 06.12.2028)

14. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-

विषयांकित कार्य की प्रथमवार आमंत्रित निविदा में भाग लेने वाले तीन निविदाकारों के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 159 अनु0 पटना दिनांक 24.02.2026 द्वारा तकनीकी मूल्यांकन हेतु समर्पित किया गया। प्रथमवार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार सफल नहीं पाये जाने के कारण दिनांक 24.03.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

वर्त्तमान में आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-

विषयांकित कार्य की यह द्वितीयवार आमंत्रित निविदा है। उक्त निविदा में उपरोक्त कंडिका-13 में अंकित कुल तीन निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। तीनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 294 अनु0 दिनांक 30.04.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

दिनांक 24.07.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति द्वारा तीनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों का तकनीकी मूल्यांकन ई-टेन्डर मॉड्यूल में अपलोडेड Bidding Document के आधार पर किया गया तथा निविदाकार **R S AGRWAL INFRATECH PVT. LTD., 2ND FLOOR, 201, LIYA COMPLEX, P P COMPOUND, RANCHI-834001, JHARKHAND** (BMSICL, BIHAR CLASS-1 REGISTRATION NO.-BMSIC/I-179/2023-24 VALID UPTO 06.12.2028) एवं **PRASAD CONSTRUCTION & CO., LILA MOHAN NIWAS, NAISARAI, BIHAR SHARIF, NALANDA-803101, BIHAR** (BCD BIHAR CLASS-1 REG. NO.-1210110 VALID UPTO 07.12.2026) को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **''नन-रिस्पॉन्सिव''** पाये जाने उपरान्त असफल करने **तथा** निविदाकार **DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK. TANK ROAD, RANCHI-834001** (BCD BIHAR CLASS-1 REGISTRATION NO.-1220064 VALID UPTO 10.08.2027) को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **''रिस्पॉन्सिव''** पाये जाने उपरान्त सफल करने का निर्णय लिया गया। तकनीकी मूल्यांकन पर आपत्ति/परिवाद दर्ज करने हेतु दिनांक 31.07.2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न तक विभागीय वेबसाईट पर रखने का निर्णय लिया गया।

प्राप्त आपत्ति/परिवाद पर दिनांक-18.09.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में मुख्य अभियंता(संरचना) के पत्रांक 95(सं0) दिनांक 21.09.2026 के आलोक में अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना का पत्रांक 562 अनु0 दिनांक 23.09.2026 द्वारा तकनीकी बीड में **''रिस्पॉन्सिव''** सफल एकमात्र निविदाकार का वित्तीय बीड खोलकर भेजा गया है, जो निम्नप्रकार से हैः-

क्र0 सं0	निविदाकार के नाम	मदों के नाम	परिमाण विपत्र की राशि	उद्धृत दर	उद्धृत राशि
1	DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK. TANK ROAD, RANCHI-834001 (BCD BIHAR CLASS-1 REGISTRATION NO.-1220064 VALID UPTO 10.08.2027)	अनुसूचित मद/गैर अनुसूचित मद	₹58,06,13,568.00	2.20% कम	₹56,78,40,069.50

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि निविदाकार DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK. TANK ROAD, RANCHI-834001 न्यूनतम सफल एकमात्र निविदाकार है। उक्त न्यूनतम सफल एकमात्र निविदाकार द्वारा परिमाण विपत्र की दर से 2.20%(दो दशमलव दो शून्य प्रतिशत)कम दर उद्धृत किया गया है।

निविदाकार के अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापन के उपरांत सही पाया गया है।

15. **दिनांक 25.09.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से न्यूनतम सफल निविदाकार **DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK. TANK ROAD, RANCHI-834001** को परिमाण विपत्र की दर से 2.20% (दो दशमलव दो शून्य प्रतिशत)कम दर पर अर्थात कुल राशि ₹56,78,40,069.00 (छप्पन करोड़ अठहत्तर लाख चालीस हजार उनहत्तर रूपये)मात्र पर वित्त विभाग के अधिसूचना संख्या-7806 दिनांक 30.09.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में कार्य आवंटित करने तथा स्वीकृत्यादेश निर्गत करने हेतु मुख्य अभियंता(संरचना) को प्राधिकृत करने की अनुशंसा के साथ सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

16. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक-562 (अनु0), दिनांक 23.09.2026 के द्वारा आमंत्रित निविदा के वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी समर्पित की गई। उक्त के आलोक में दिनांक 25.09.2026 को वित्तीय बीड पर विचारार्थ तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में लिये गये निर्णय पर सहमति/विचारार्थ प्रस्ताव विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी।

विदित हो कि योजना की प्रशासनिक स्वीकृति गृह विभाग(आरक्षी शाखा), बिहार के ज्ञापांक-12690 दिनांक 04.10.2025 के द्वारा प्रदान की गई है। प्रशासनिक स्वीकृति की कंडिका संख्या-3 के आलोक में योजना के प्रशासनिक स्वीकृति की वैधता स्वीकृत्यादेश निर्गत की तिथि से एक वर्ष की होगी तथा एक वर्ष के अंदर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर वित्त विभाग, बिहार के संकल्प संख्या-12888 दिनांक 03.12.2024 की कंडिका-17 के आलोक में सक्षम प्राधिकार से पुनः प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त की जायेगी। उक्त के अनुसार दिनांक 03.10.2026 को प्रशासनिक स्वीकृति की वैधता समाप्त होती है। उक्त के आलोक में निविदा पर अग्रेत्तर कारवाई प्रशासनिक स्वीकृति के अवधि विस्तार के उपरांत ही किया जाना नियमानुकूल होगा।

अतः उक्त के आलोक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि "CONSTRUCTION OF SPECIAL TASK FORCE(STF) HEAD QUARTER BUILDING AT LODIPUR, PATNA" कार्य के प्रशासनिक स्वीकृति की अवधि विस्तारित करने का अनुरोध गृह विभाग(आरक्षी शाखा), बिहार से किया जाय। प्रशासनिक स्वीकृति की अवधि विस्तारित होने के उपरांत ही प्राप्त प्रश्नगत् निविदा पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(विकास कुमार पाण्डेय) आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, बिहार, पटना	(मनोज कुमार सिंह) मुख्य अभियंता(संरचना) भ0नि0वि0, बिहार, पटना	(सुरेश प्रसाद प्रभाकर) अभियंता प्रमुख सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना	(प्रणव कुमार) सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक- भवन/मु0अभि0(प0)यो0विविध-8-09/2025 – 114 पटना, दिनांक- 05/10/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05/10/26

(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता(संरचना),
भवन निर्माण विभाग, पटना